

# अगले चार दिन लगातार पूरे जिले में प्रचण्ड गर्मी का कहर

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 20 मई।** इन दिनों पूरा जिला भीषण गर्मी की चपेट में है चिलचिलाती तीखी धूप और झुलसाने वाली लपटों की भांति चल रही गर्म हवा की बजह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति देखी गई। शहर आग की धधकती

## भीषण गर्मी में सावधानी बरतें, लू के लक्षण दिखें तो तुरंत उपचार कराएं

भटट्ी से महसूस हुए। खास बात यह है कि अगले चार दिन लगातार पूरे जिले में प्रचण्ड गर्मी का कहर जारी रहने का पूर्वानुमान है।

**लू से बचाव के लिए क्या करें:** गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीऐं एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष



ध्यान रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोकें।

**लू से बचाव के लिए क्या न करें:** बिना भोजन किये बाहर न निकलें। जहाँ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत / अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरो में ना जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़े। धूप में नंगे पाँव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।

**लू लगने पर पाये जाते है यह लक्षण :** गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फारेनहाइट मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन। सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

**लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार निम्न तरीके से किया जावें :** वर्तमान परिस्थिति में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा भी हो सकती है। अत: लू से बचाव व उपचार संबंधी जानकारी से आमजनों को अवगत किया जाता है। रोगी को तुरंत छायादार जगह पर, कपड़े ढीले कर लिटा दे एवं हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्बत (पना) आदि दे। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखकर पूरे शरीर को ढंक दे। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराये जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।

**डॉ. बीके वर्मा**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**

**पीक ऑवर्स में बाहर जाने से बचें:** दोपहर 11 बजे से शाम 4बजे के बीच जब धूप सबसे तीखी होती है, तब बहुत जरूरी न होने पर घर या दफ्तर से बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर को सूती कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें और सनग्लासेस का उपयोग करें। हल्के कपड़े पहनें ढीले, हल्के रंग के और सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर को हवा मिलती रहे और पसीना आसानी से सूखे। हल्का भोजन करेंरू तरबूज, खरबूजा, खीरा, और ककड़ी जैसे पानी से भरपूर फलों का सेवन करें। इस मौसम में बासी, तैलीय और अत्यधिक मसालेदार भोजन से बिल्कुल दूर रहें, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग और उल्टी-दस्त का खतरा बढ़ जाता है।

**डॉ.दिनेश सिंह तोमर**
**हृदय रोग विशेषज्ञ**

### पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगी हो



अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें। लू से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगी हो। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ एवं तरल पदार्थों का सेवन करें।दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनें। सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें।बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। बंद वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।

**स्वप्निल वानखड़े, कलेक्टर दतिया**

# कॉरपोरेट कंपनियों के खिलाफ सड़क पर उतरे मेडिकल संचालक

**सेवढ़ा 20 मई।** दवा व्यापारियों की विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का असर सेंबढ़ा अनुभाग में भी दिखाई दिया। केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर नगर सहित पूरे अनुभाग के मेडिकल स्टोर बंद रहे। मेडिकल संचालकों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अशोक अवस्थी को ज्ञापन सौंपते हुए बंद की अग्रिम सूचना दी। केमिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव महेंद्र पाठक के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे नगर के मेडिकल संचालक तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां एसोसिएशन पदाधिकारियों ने एसडीएम अशोक अवस्थी का शॉल भेंटकर सम्मान किया। इसके बाद संगठन की ओर से ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार तक मांगें पहुंचाने का आग्रह किया गया।

संगठन ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर यह बंद किया गया। एसोसिएशन का कहना है कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री तथा बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा करने की नीति छोटे एवं मध्यम मेडिकल संचालकों के लिए संकट बनती जा रही है। इसी के विरोध में 28 अगस्त 2018 एवं 26 मार्च 2020 की अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग उठाई गई है। दवा व्यापारियों ने कहा कि एंटीबायोटिक एवं आदत डालने वाली दवाओं की आसान उपलब्धता, नकली पर्चों का उपयोग तथा दवाओं के अनुचित भंडारण जैसी समस्याएं जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। संगठन के अनुसार दवा कोई सामान्य वस्तु नहीं, बल्कि सीधे मरीज की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। वहीं बड़ी कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी प्राइसिंग नीति से छोटे मेडिकल संचालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है।

संगठन के जिला सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि 20 मई को सेवढ़ा नगर के लगभग 24, इंदरगढ़ के 45, थरेट भागुवपुरा, चीन दिगुवा के 12 यानी पूरे सेवढ़ा अनुभाग के करीब 80 मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। गंभीर प्रवृत्ति के मरीजों के लिए इमरजेंसी स्थिति में कॉल पर दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 90390 43571 पर कॉल करने पर जबर सिंह राठौड़ दवाई उपलब्ध कराएंगे। लेकिन यह केवल आपात स्थिति में ही खोला जाएगा ताकि जनहानि की स्थिति न बने। एसडीएम अशोक अवस्थी ने भी नागरिकों की सुविधा को देखते हुए सिविल अस्पताल सेवढ़ा में आवश्यक चिकित्सा एवं मेडिकल व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा करने का आश्वासन दिया। बंद को सफल बनाने के लिए नगर में मेडिकल संचालकों द्वारा जनसंपर्क भी किया गया। वहीं स्थानीय अग्रवाल मेडिकल स्टोर पर एक बैठक कर लेकर मांग पूरी न होने तक संगठन के साथ के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमोद बिहारी पोद्दार, रोहित अग्रवाल, अखिलेश कुशवाह, विपिन खरे, प्रवीण गोस्वामी, सुभाष अग्रवाल अप्पा, सोनू अग्रवाल, ब्रजकिशोर माहौर, सुनील जाटव, सुरेंद्र कुशवाह, जबर सिंह राठौर, अरविंद राणा, डॉ. महावीर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक मौजूद रहे।

# जिले के सभी मेडिकल स्टोर रहे बंद



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 20 मई।** जिले में ऑनलाइन दबा बिक्री के विरोध में बंद रहे मेडिकल स्टोर 6 से अधिक मेडिकल स्टोरों पर लटके रहे ताले। केबल अस्पताल के पास खुले रहे मेडिकल स्टोर। दवा के लिए शहर में भटकते रहे नागरिक। अस्पताल पहुंचकर मिली दवा।

दतिया केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आज दतिया जिले के सभी मेडिकल स्टोर बंद किए गएई फार्मेसी एवं ऑनलाइन दवाई बिक्री के विरोध में की गई हड़ताल। आपातकालीन स्थिति में मरीजों के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एवं निजी अस्पताल में आपातकालीन व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुचारू रहेगी। ओपीडी पूर्ण रूप से रहेगी बंद इस दौरान भांडेर, बसई, बडोनी, सोनागिर, गोराघाट, उचाड़, इंदरगढ़, सेवढ़ा, भौआपुरा, थरेट, सेथरी, सोहन, तालगांव, पंडोखर और दतिया अन्य जगह के मेडिकल स्टोर्स ने आज बंद रखकर केमिस्ट संगठन का साथ दिया।

**ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बसई के मेडिकल बंद:** कारोबारियों के विरोध में ज्यादा तर मेडिकल स्टोरों पर दिनभर लटके ताले। शहरभर में दवा दुकानों के शटर बंद रहने से मरीजों और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल बसई अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों के साथ आसपास की मेडिकल दुकानें ही खुली नजर आईं, जहां दवा लेने वालों की भीड़ लगी रही। बसई में जरूरी दवाओं के लिए लोग एक दुकान से दूसरी दुकान भटकते दिखाई दिए। मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे कारोबारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, जिसके विरोध में यह बंद रखा गया।

# विधायक अग्रवाल ने किया सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, रतनगढ़ माता के दर्शनार्थीयों एवं राहगीरों को होगी सुविधा

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़ 20 मई।** नगर परिषद इंदरगढ़ के द्वारा सेवढा रोड स्थित बाबडी सरकार मंदिर परिसर में विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा मुख्यमंत्री मद से दी गई 15 लाख रुपये की राशि से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर बावड़ी सरकार मंदिर के महंत गणेश जी महाराज के मुख्य सानिध्य में मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा समुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर,राजेश दांतरे,सुजान रावत, राघवेंद्र सिंह जाट उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत गणेशजी महाराज एवं भाजपा नेता रामस्वरूप मंडेलिया ने की मंच से विधायक प्रदीप अग्रवाल ने 11 हितग्राहियों को पट्टे वितरित किये, ।बावडी सरकार मंदिर पर मंगलवार की शाम आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा है कि



भाजपा सरकार एवं प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव की मंसा अनुसार सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा ताकि गांव में कमजोर वर्ग के लोगों को किसी कार्यक्रम के लिए सामुदायिक भवन के उपयोग का लाभ मिल सके , और बावरी सरकार मंदिर पर समुदायिक भवन निर्माण होने से रतनगढ़ माता मंदिर पर दर्शनों के लिए जाने वाले दर्शनार्थी एवं राहगीरों को इसका लाभ मिल सकेगा और उन्हें ठहरने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा, दूध खो धाम एवं बावड़ी सरकार मंदिर के महंत गणेश जी महाराज ने सामुदायिक भवन निर्माण के भूमि पूजन पर विधायक



प्रदीप अग्रवाल को आशीर्वाद प्रदान किया, सामुदायिक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम के मौके पर विधायक प्रदीप अग्रवाल एवं अतिथि गणों का नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह इंजीनियर नंदकिशोर गोस्वामी बाबू जाफर शाह के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया11 हितग्राहियों को किए पट्टे वितरित नगर परिषद इंदरगढ़ के द्वारा नगर की 11 वित अधिकारियों को विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा पट्टे वितरण किए गए और इन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिया जाएगा हितग्राहियों मै बीरू,बीरसिंह ,रबि ,सीमा,मनोज,राजेश बृजेश



,धमैन्द, त्रिलोक,बंटी ,प्रदीप शामिल शामिल रहे इस भूमि पूजन कार्यक्रम में चंदन सिंह गुर्जर, हरकिशुन कुशवाह ,सुशील श्रीवास्तव,अनूप दांतरे, सुशील सिहारे, संजीव सिंह कमरिया, डी एस यादव, राकेश खटीक, पवन पाठक, अमजद खान, किसुन सिंह यादव, दीपू तिवारी, प्रतिपाल यादव, राममिलन सिंह कमरिया, पुष्पेंद रावत, अनारसिंह यादव कल्याण सिंह यादव मुकेश शर्मा, उपस्थित रहे संचालन,न एब आभार सीएमओ विजय बहादुर सिंह ने व्यक्त किया ।

# महिलाओं ने अपने आप को आत्मनिर्भर बनाया- संघमित्रा

**दतिया 20 मई।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पंजाब नेशनल बैंक,के संयुक्त तत्वाधान में 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रमाण पत्र बांटे गए प्रमाण पत्र के बाद वे अपने आप को बैंक के माध्यम से उपलब्ध करा सकेंगे, कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री श्रीमती संघमित्रा मौजूद रही, विशेष रूप से संस्थान की कार्यकर्ता रामेश्वरी दांगी,अध्यक्षता सुरेंद्र प्रजापति द्वारा की गई संचालन नवांकुर प्रतिनिधि राजीव पटेल ने किया आभार दमयंती खरकया ने किया।

ग्राम उन्नाव बालाजी में पीएनबी आर सेटी की तरफसे वूमेन ट्रेलर सॉफ्ट टॉयज अगरबत्ती निर्माण



वस्त्र चित्रकला आदि की प्रशिक्षण भांडेर रोड उन्नाव बालाजी पर किया गया प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र आज प्राथमिक विद्यालय के समीप होली पुरा के कार्यालय पर किया गया, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उनाव सेक्टर 3 की प्रसफुटन की महिलाएं एवं नामांकन शक्तियों को प्रेस बटन कार्यालय पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण समिति की सचिव दमयंती खरकया नवांकुर सखियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया गया इसके उपरांत पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी के द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इसमें नवांकुर संस्था का विशेष सहयोग रहा।

# पंडोखर धाम में आज धूमधाम से आयोजित होंगे 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 20 मई।** गुरूवार को पंडोखर पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज के पावन सानिध्य में सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन।

गुरुवार 21 मई को पंडोखर धाम में आयोजित होने वाले इस भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 11 कन्याएं परिणय सूत्र में बंधेंगी। इनमें बंशकार समाज की 4 , दोहरे समाज की 3 , केवट समाज की 1 एवं अन्य समाजों की 3 कन्याएं सम्मिलित हैं। विवाह समारोह पंडोखर धाम पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होगा।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान सभी 11 नवदंपत्तियों को पंडोखर पीठ की ओर से गृहस्थ जीवन प्रारंभ करने हेतु आवश्यक सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी। इनमें कूलर, अलमारी, प्रेस, बेड, सिंगार दानी सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री शामिल है। यह सहयोग नवदंपत्तियों के सुखद एवं सम्मानजनक वैवाहिक जीवन की शुभकामना स्वरूप प्रदान किया जाएगा। पंडोखर धाम ट्रस्ट के संस्थापक सचिव मुकेश कुमार गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पंडोखर धाम सदैव सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। असहाय या गरीब परिवार की बेटियों के विवाह जैसे पुण्य कार्य में सहयोग करना पण्डोखर धाम ट्रस्ट का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बेटियों के विवाह में बाधा न आए , इसी भावना के साथ पंडोखर धाम पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज ने यह संपूर्ण जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंडोखर धाम पहुंचकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करें एवं इस पुण्य आयोजन के सहभागी बनें।


## एक नजर में

### कथा सुनने से होता है व्यक्ति का उद्धार-व्यास



**दतिया।** कथा सुनने से होता है व्यक्ति का उद्धार भक्ति का भाव ज्ञान नहीं भाव है स्नातन धर्म में भगवान बाहरी वैभव नहीं मन की सच्ची श्रद्धा देखते है। उक्त बात बीकर में चल रही भागवतकथा के दौरान भागवताचार्य रमाकांत व्यास ने कही। सर्वप्रथम मण्डल अध्यक्ष भाजपा अरविन्द दांगी ने कथाव्यास का स्वागत किया। उन्होंने ध्रुव चरित्र के बारे में बताया कि बालक ध्रुव ने अपमान को भी भक्ति का माध्यम बनाया और अखण्ड तपस्या के द्वारा भगवान को प्राप्त किया। यह प्रसंग सिखाता है कि अटूट विश्वास, धैर्य, एकाग्र भक्ति से असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने आगे बताया कि भगवान शिव और माता सती का जीवन त्याग, विश्वास , समर्पण और मर्यादा का अनुपम उदाहरण है। माता सती ने अपने पति भगवान शिव के सम्मान को सर्वोपरि मानते हुए आत्मबल्दिान देकर संसार को यह संदेश दिया कि दामपत्य जीवन में एक दूसरे के सम्मान की रखा सबसे बड़ा धर्म है।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की श्रृद्धांजलि सभा



**दतिया।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा दतिया के वरिष्ठ सदस्य पूर्व कलेक्टर रीडर हरि मोहन श्रीवास्तव का 14 मई को हम सभी को छोड़कर अपनी सांसारिक यात्रा के 88 वर्ष पूर्णकर स्वर्ग लोक को पधार गए हैं जिला समिति के सभी सदस्यों को काफी दुख हुआ सभी शोक ग्रस्त हो गए शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें पदाधिकारी सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की भगवान से प्रार्थना की कि उनकी स्वर्गवासी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें। अध्यक्ष एस पी पटेरिया ने श्री श्रीवास्तव के जाने को अपूर्णीय छति बताई एवं उनका संगठन के प्रति सहयोग समर्पण सदैव याद रहेगा श्री तारा सिंह यादव कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष मैथिलीशरण मिश्रा कार्यालय मंत्री सुनील कुमार जैन सचिव देवीलाल निरंजन टी एल सोनी हरिहर शर्मा कमलकांत शर्मा विशेष सलाहकार दिनेश खरे संतोष श्रीवास्तव मदन कुमार गुप्ता संयोजक सुरेश सेन प्रचार सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 21, 22 मई को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति प्रात: 8 बजे से प्रात: 10 बजे तक

**दतिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म ऋतु में अत्याधिक गर्मी एवं 2 दिवस के हीट बेव के एलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए 21 एवं 22 मई 2026 को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति प्रात: 8 बजे से प्रात: 10 बजे तक निर्धारित की गई है।

### अवैध हथियारों के विरुद्ध दतिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**उनाव।** जिले में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उनाव पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उनि. यतेंद्र भदौरिया, थाना प्रभारी उनाव ने बताया कि बुधवार को थाना उनाव पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घिसलनी - उनाव रोड पहाड़िया के पास एक व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां आरोपी नवलकिशोर उर्फ अभिषेक झाँ पुत्र हरीसिंह झाँ, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सरसई जिला दतिया को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार एवं वाहन बरामद किए गए। पुलिस द्वारा आरोपी से निम्नलिखित मशरूका जप्त किया गया दृ 03 देशी कट्टे 315 बोर, एक पिस्टल 32 बोर, दो जिंदा राउंड 315 बोर और एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल ।आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**03 कट्टा, 01 पिस्टल, 02 जिंदा राउंड एवं 01 मोटरसाइकिल जप्त**

### इंदरगढ़ सेवड़ा थरेट भगवापुरा में मेडिकल स्टोर बंद रहे



**इंदरगढ़ ।** इंदरगढ़ में मेडिकल एसोसिएशन दतिया के आवाहन पर सबसे अधिक मेडिकल स्टोर की दुकानें एक दिन के लिए बंद हैं सुबह से ही अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं,एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए कुछ मेडिकल स्टोर खुले रखे गए, ताकि मरीजों को दिक्कत न हो। एसोसिएशन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, नकली दवाइयों से देश को बचाना सहित अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय बंद का आह्वान किया गया था। इस अवसर पर मेडिकल स्टोर संचालक सुरेंद्र सिंह धाकड़, सह-सचिव सुशील सिहारे, जितेंद्र कर्ण, शिरोमणि सिंह सोलंकी, केवल सिंह यादव, निशांत शुक्ला,मनोज कुशवाह, प्रदीप श्रीवास्तव सहित कई संचालक उपस्थित रहे।

### बुंदेला कॉलोनी में विद्युत डी.पी. में लगी आग पर समय रहते पाया काबू



**दतिया।** रात्रि सुपरविजन गश्त एवं पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान एस.डी.ओ.पी. दतिया आकांक्षा जैन को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि,बुंदेला कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत पोल स्थित डी.पी. में आग लग गई है ।सूचना प्राप्त होते ही वह तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया गया एवं फायर ब्रिगेड तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर बुलवाया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल विद्युत सप्लाई नियंत्रित कर विद्युत तारों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित कराया गया। वहीं फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय जनसेवियों के सहयोग से आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया। एसडीओपी जैन के निर्देशन में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने के कारण किसी प्रकार की जनहानि अथवा बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।